राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

अंक : 27 **जनवरी-मार्च 2021**

<u>प्रधान संरक्षक</u>

श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार

प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक

<u>संरक्षक</u>

श्रीमती अर्चना नायक

संयुक्त आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल

<u>संकल्पना और संपादन</u>

श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,

वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु

दिनांक 03.03.2021 को केंद्रीय अपत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के अध्यक्ष श्री एम. अजित कुमार के बेंगलूरु का दौरा ।

कन्नड प्रशिक्षण

केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में दिनांक 04-01-2021 से 15 कार्यदिवस के लिए ऑनलाइन पर वेबेक्स के जरिए कन्नड प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । प्रसिद्ध कन्नड साहित्यकार डॉ.एन. ज्ञानमूर्ति ने इन पाठ्यक्रमों में व्याख्यान दिया । सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के मुख्य आयुक्त श्री एम. श्रीनिवास जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की ।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभरांभ कुमारी वाई.एन.वी. श्रीललिता एवं कुमारी वाई. श्रीनिधि, सुपुत्री : श्री वाई. सुब्रह्मण्यम, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर, बेंगलूरु के ईश वंदन के साथ हुआ । तदुपरांत नासीन, बेंगलूरु के अपर महानिदेशक श्री सी.एच. वेंकटरेड्डी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । फिर केंद्रीय कर, लेखापरीक्षा-II आयुक्तालय के आयुक्त श्री जी. नारायण स्वामी ने विशेष अतिथि के रूप में भाषण दिया । तत्पश्चात् डॉ. ज्ञानमूर्ति ने अपने भाषण में केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क के अधिकारियों को पढ़ाना एक सौभाग्य की बात कहा । तदुपरांत कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के मुख्य आयुक्त श्री एम. श्रीनिवास ने अपने उद्‌घाटन भाषण में कहा कि "केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क में कार्यरत सभी कन्नडेतर भाषियों को कन्नड सिखाना बहुत ही सुंदर कदम बताया । इस सराहनीय आयोजन के लिए नासीन, बेंगलूरु और केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के अधिकारियों को बधाइयाँ दी । तत्पश्चात सीमा शुल्क की वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्रीमती एन. उषा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया । कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय कर के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्री वाई. सुब्रह्मण्यम ने किया।



दिनांक 30 मार्च, 2021 के पूर्वाह्न 11:00 बजे को ''अज़ादी का अमृत महोत्सव'' के सुअवसर पर केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के सभी भवनों के छत से गुब्बारे फहराया ।

बेंगलूरु केंद्रीय राजस्व भवन के परिसर में दिनांक 26 जनवरी 2021 को गणतंत्र दिवस
केंद्रीय कर और सीमा शुल्क तथा आयकर विभागों द्वारा
संयुक्त रूप से मनाया गया । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त
श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार जी ने राष्ट्र का ध्वजारोहण किया ।

हिंदी कार्यशाला

दिनांक 23.02.2021 एवं दिनांक 24.02.2021 को नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के समूचे कर्नाटक में कार्यरत संवर्ग 'क' अधिकारियों के लिए सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा बेबिनॉर के माध्यम से **ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला** का आयोजन किया गया । पूर्वाह्न के दोनों सत्र में सी.ए.आई.आर., बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी डॉ.एस.एन. महेश व्याख्यानदाता थे, जिन्होंने "*टिप्पण एवं आलेखन पर* " पर प्रकाश डाला । तथा अपराह्न के दोनों सत्र में एच.ए.एल. के सेवानिवृत्त उप महा प्रबंधक (राजभाषा) डॉ.शंकर प्रसाद ने "*राजभाषा नीति*" पर व्याख्यान दिया ।







राजभाषा कार्यान्वियन में उत्कृष्ट कार्य हेतु राजभाषा विभाग द्वारा
वर्ष 2019-20 के लिए दक्षिण क्षेत्र के
क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार के लिए

बेलगावी अपील्स

को द्वितीय पुरस्कार के लिए चुना गया है ।

केंदीय कर, बेंगलूरु अंचल की ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं ।

इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें । **आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**